जनपद हमीरपुर

दिनांक 15.11.2026

छठ पूजा के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा घाटों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 15.11.2026 को छठ पूजा के दृष्टिगत जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा थाना सुमेरपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित तालाब घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता का जायजा लिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा सभी पुलिसकर्मी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाए।

महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत मिशन शक्ति टीम की तैनाती सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को घाटों पर स्वच्छता, पेयजल एवं स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही आमजन एवं श्रद्धालुओं से अपील की गई कि वे शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से पर्व मनाएं तथा सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर , थाना प्रभारी सुमेरपुर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे

